रामकथा | रामभद्राचार्य की कथा में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी हुए भावविभोर

# भगवान श्रीराम का जन्म जगत के मंगल हेतु हुआ





**नवभारत, जबलपुर।** अवधपुरी गौरीघाट में चल रही श्रीरामचरित मानस की कथा में चौथे दिवस भगवान श्रीराम की बाललीलाओं का अद्भुत वर्णन हुआ। पद्मविभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कथा में बताया कि 'जब तक रामजी की कृपा रहेगी, भारत का बाल बांका नहीं होगा।'

महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म जगत के मंगल हेतु हुआ। गुरुवर वशिष्ट, माता कौशल्या, महाराज दशरथ सहित सभी चरित्रों के माध्यम से उन्होंने समझाया कि रामजी का प्राकट्य सबके दुखों को नष्ट करने वाला है। महाराजश्री ने उदाहरण देकर बताया कि जैसे सूर्यदेव का अमंगल राहु के ग्रहण से हुआ था, वैसे ही भगवान ने जन्म लेकर इसे दूर किया।

### रामकथा में तुलसीदास का अद्भुत पांडित्य

कथा में महाराजश्री ने गोस्वामी तुलसीदास जी के गूढ़ पांडित्य और 'कौशल्या' शब्द के अर्थ को व्यापक रूप में समझाया। उन्होंने रामजनम की स्तुति सोहर की धुन में गाकर उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया। गुरुवर वशिष्ट को भी भगवान ने बाल्यकाल में महामंगल प्रदान किया।

### भक्ति और क्षेत्रीय भजन से राम का सजीव रूप

कथा में महाराजश्री ने अवधी, भोजपुरी सहित क्षेत्रीय बोलियों में बाललीला भजन प्रस्तुत कर प्रभु श्रीराम को जीवंत किया। 'राघवेन्द्र सरकार के बाल रूप' को सबने आनंद से अनुभव किया। कथा में कई बार महाराजश्री भावुक हुए और श्रोताओं को ऐसा लगा जैसे वे स्वयं अयोध्या में रामजनम की बधाइयों में शामिल हैं।

### रामगान ही राष्ट्रगान है

महाराजश्री ने बताया कि पंचम जार्ज की स्तुति में रविन्द्र नाथ टैगोर ने 'जन-गण मन अधिनायक जय हो' लिखा, जो वास्तव में रामगान है। राम जी ही संपूर्ण जन-गण के अधिनायक और भारत के भाग्य के विधाता हैं। उन्होंने कहा कि रामजी की जय के बिना राष्ट्र की जय संभव नहीं।

### पादुका पूजन और स्वागत समारोह

कथा के पूर्व रामानंदा पीठ की चरण पादुकाओं का पूजन सांसद आशीष दुबे, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी मुकुंददास महाराज, स्वामी सुरेशानंद महाराज का भी मंचासीन स्वागत किया गया।

### भक्ति गीतों की प्रस्तुति

कथा उपरांत मनीष अग्रवाल मोनी और अंगना पधारो ग्रुप ने भजन प्रस्तुत किए, जिससे भक्तों का मन मोह लिया। महाराजश्री के निर्देशन में भक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रतिदिन कथा के बाद की जाती है।

### मुख्यमंत्री ने लिया स्वामी रामभद्राचार्य से आशीर्वाद



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर प्रवास के दौरान भटौली स्थित साकेत वाटिका राघव कुटी पहुंच कर जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने स्वामी श्री रामभद्राचार्य का शाल -श्रीफल भेंटकर अभिवादन किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह एवं संतोष बरकड़े, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष नगर रत्नेश सोनकर, जिला भाजपा अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल, डॉ जितेन्द्र जामदार, संदीप जैन मौजूद रहे।



# असली खुशी दूसरों को अपनी खुशियों में शामिल करने में है

▶ जमाअते इस्लामी हिंद ने ईद मिलन समारोह में दिया भाईचारे और सौहार्द का संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** रद्दी चौकी स्थित गाज़ी बाग में जमाअते इस्लामी हिंद द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में आपसी भाईचारा, सौहार्द और संवाद को समाज व देश के विकास के लिए आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष गुलाम रसूल ने की, जिन्होंने कहा कि असली खुशी दूसरों को अपनी खुशियों में शामिल करने में है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हमीद बैग (प्रदेश अध्यक्ष, जमाअते इस्लामी मध्यप्रदेश), विधायक लखन घनघोरिया, महापौर जगत बहादुर सिंह, निगम अध्यक्ष रिंकू विज और कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों में भीमा राव खातकर, डॉ. कमल राय, हीरालाल सोनी 'बब्बू', नवनीत नागपाल, पास्टर बैंजामिन लाल, गुरमीत सिंह, मतीन अंसारी और सरदार हामिद हसन शामिल हुए। अतिथियों ने अपने संबोधन में सामाजिक सौहार्द, धार्मिक एकता और आपसी संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. गुरमीत सिंह ने कहा कि ईद मिलन का प्रतीक है और सभी धर्म मानवता को जोड़ने का कार्य करते हैं। हीरालाल सोनी 'बब्बू' ने आयोजन की सराहना की, जबकि पास्टर बैंजामिन लाल ने प्रेम और आत्मीयता को समाज की जरूरत बताया। एडवोकेट ओ.पी. यादव ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक संवाद के लिए जरूरी बताते हुए वर्तमान साम्प्रदायिक माहौल पर चिंता व्यक्त की। ढोमा राव ठाडकर और एस.एस. ठाकुर ने भी ईद की मुबारकबाद देते हुए कार्यक्रम की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. हमीद बैग ने देश की विविधता को उसकी खूबसूरती बताते हुए नैतिकता, समानता और भाईचारे पर जोर दिया तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम की सफलता में उबैदुल्ला आमिर, मोहम्मद मेहदी, शकील अहमद, मसूद हसन, जान मोहम्मद, वकार अहमद, मुनीर, एहतेशाम, लियाकत, जावेद, अलताफ, इफ्तेखार, अकरम अली, नवाब, जाहिद, उमैर, औसाफ, सूफियान, शाह फैसल, एस.के. फैज, अनवार हुसैन, इरफान, अबरार, दिलशाद, फारूख, शफीक, मोहम्मद वसीम (वाइस प्रेसिडेंट अंसारी समाज), पन्नू हाजी, शाकिर, डॉ. फरहान आदिल और हमजा सहित कई कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### एक नजर में




## प्रेस्टीज हुंडई में न्यू एक्सटर लांच

**नवभारत, जबलपुर।** हुंडई में अधिकृत विक्रेता प्रेस्टीज हुंडई में एक्सटर की लॉन्चिंग हुई। प्रेस्टीज हुंडई ने बताया की फर्स्ट इन सिंगमेंट डेशकेम , 30 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स ,8 कलर ऑप्शन ,सी.ऐन.जी स्पेयर व्हील के साथ , 27 वाट का सी टाइप चार्जर ,विंग टाइप स्पाइलर ,ड्राइवर आर्म रेस्ट ,ब्लूलिंक विद 72+ फीचर्स के साथ उपलब्ध है । न्यू एक्सटर पेट्रोल के साथ सी.न.जी में भी उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रेस्टीज हुंडई के संचालक अनुराग वाधवा, तन्मय सैलेट, अनुष्क वाधवा और ग्रुप जनरल मैनेजर संजय शुक्ला लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित रहे। एडवोकेट राधेलाल गुप्ता को एक्सटर डिलीवर्ड की गई।





## नि :शुल्क परामर्श मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन आज

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के राइट टाउन स्थित अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आज 9 अप्रैल 2026 को नि:शुल्क परामर्श मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा, साथ ही आवश्यक जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी। कैंप के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी एवं एक्स-रे की जांच निशुल्क की जाएगी। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. बी. के. पांसे, डॉ. माणिक पांसे, डॉ. नचिकेत पांसे, डॉ. अबोली पांसे, डॉ. पारिजात पांसे एवं डॉ. मुकुल नेमा सहित सभी चिकित्सकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## लोकगंधर्व संगीत सम्मान से सौम्या होंगी सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षाविद साहित्यकार अजय शर्मा 'गूंज' अंतर्राष्ट्रीय कला मंच द्वारा स्थापित लोकगंधर्व पण्डित रुद्रदत्त दुबे जीवंत सम्मान इस वर्ष लोकसंगीत जगत की चर्चित गायिका सौम्या त्रिपाठी मिश्र को प्रदान किया जायेगा। सम्मान समिति के संरक्षक डा. बैजनाथ गौतम की अध्यक्षता एवं गूंज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष तिवारी के आतिथ्य में यह निर्णय अलंकरण कार्य समिति में लिया चि गया। ज्ञात हो अखिल भारतीय स्तर पर स्थापित यह जीवंत सम्मान विगत वर्ष ग्वालियर दतिया की लोक गायिका रजनी अरजरिया को प्रदान किया गया था। गूंज संस्थापक माधुरी उमेश मिश्रा ने बताया कि यह प्रतिष्ठित सम्मान हर वर्ष देश के किसी एक लोक गायक को प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। 20 अप्रैल 2026 को आयोजित समारोह में लोकसंगीत चितेरे डॉ. बैजनाथ गौतम एवं संगीत विदुषी डॉ. शिप्रा सुल्लेरे द्वारा प्रस्तुत आवाहन गीत के बाद सम्मानित विदुषी सौम्या मिश्र बुंदेलखंड में प्रचलित विभिन्न विधाओं के लोकगीतों का गायन करेंगी ।



# स्कूलों में बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

▶ 14-15 वर्ष की बालिकाओं का सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण



**नवभारत, जबलपुर।** जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 8 अप्रैल को केंद्रीय विद्यालय-1 एवं क्राइस्ट चर्च को-एड कॉन्वेंट स्कूल सालीवाड़ा में विशेष सत्र आयोजित किए गए। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के मार्गदर्शन और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता के नेतृत्व में यह अभियान निरंतर जारी है। मेडिकल ऑफिसर डॉ शिल्पा नेल्सन की टीम ने केंद्रीय विद्यालय-1 में 63 और क्राइस्ट चर्च स्कूल में 30 बालिकाओं का टीकाकरण किया। क्राइस्ट चर्च स्कूल में प्राचार्य क्षितिज जैकब का सहयोग सराहनीय रहा, वहीं केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य पीवी पांडे एवं काउंसलर आयुषी सिंह की सक्रिय भागीदारी रही। टीम में एएनएम मनोरमा उइके, जयश्री जॉर्ज, वंदना सिंह तथा डीईओ संजय एवं सपन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अभियान के तहत टीकाकरण की जानकारी यू-विन पोर्टल पर भी दर्ज की जा रही है।

## मनोज नामदेव महासचिव नियुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति उपरांत प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने जबलपुर शहर कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त कार्यकारिणी की विधिवत् घोषणा की। जिसमें शहर जिला कांग्रेस कमेटी के मनोज नामदेव को पुनः नगर महासचिव के पद पर नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व वित्त मंत्री तरूण भनोत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, आलोक मिश्रा, चिन्टू चौकसे, प्रेम दुबे पूर्व विधायक संजय यादव आदि ने बधाई दी।



## श्री अय्यप्पा मंदिर ट्रस्ट ने मनाया रंगारंग थिरू उत्सव

▶ कवड़ी यात्रा में भक्तों ने लिया उत्साहपूर्ण हिस्सा

**नवभारत, जबलपुर।** श्री अय्यप्पा मंदिर ट्रस्ट, बिलपुरा, समीप-व्हीकल इस्टेट, जबलपुर द्वारा 6 से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित वार्षिक थिरू उत्सव में भक्तों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में विविध सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बुधवार को आयोजित कवड़ी यात्रा शाम 5 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर, राँझी से श्री अय्यप्पा मंदिर, बिलपुरा तक संपन्न हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और भक्तों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश कुमार, महासचिव सुनील कुमार आर, उपाध्यक्ष ए.के.आर. नैयर, महामंत्री सुनिल कुमार आर, सचिव प्रमीण एम.वी.,अजय गोविंदन, विश्वनाथन सीजी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




## दिल्ली व्यापार महोत्सव कैट की संभागीय बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा बुधवार को सत्य अशोका होटल, राइट टाउन में संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर से आए प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता (प्रिंस) शामिल हुए। बैठक में 12 से 15 अगस्त 2026 तक दिल्ली में होने वाले व्यापार महोत्सव को लेकर रणनीति बनाई गई। साथ ही संगठन विस्तार, नई कार्यकारिणी गठन और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने की। इस दौरान संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी, प्रदेश संरक्षक संदेश जैन, प्रदेश मंत्री रोहित खटवानी और जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मनोज जसाठी, संजय चड्ढा, कमल ग्रोवर, सीमा सिंह चौहान, निखिल पावा, मनु शरत तिवारी, मदन अवस्थी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, तरुण अग्रवाल, पुनीत हांडा और संदीप भूरा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में 'लोकल फॉर वोकल' और 'अपना शहर, अपना प्रोडक्ट' को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

## डॉ . रोहाणी को चेंबर ने किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें महाकौशल चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्य समिति सदस्य डॉ. जय रोहाणी को प्रदेश में नीति एवं शोध विभाग का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। चैम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कहा कि यह चैम्बर के लिए गर्व की बात है कि युवा सदस्य डॉ. जय रोहाणी को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। डॉ. रोहाणी को सभी पदाधिकारियों ने शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि गुप्ता, शंकर नागदेव, कार्यालय मंत्री अखिल मिश्रा, युवराज गड़वाल, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चंडोक, अनिल जैन, समीर पॉल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे और डॉ. जय रोहाणी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पेंशनर्स की समस्याओं पर सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण चर्चा



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर में मुख्य अभियंता एस के गिरिया और मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में संविदा कर्मियों, आउटसोर्स कार्मिकों, कंपनी कैडर और पेंशनर्स की समस्याओं पर सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

मुख्य अभियंता एस के गिरिया ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा और तकनीकी कार्यों में लगे सभी कर्मचारियों को गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं को समय पर बिजली आपूर्ति और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने का भी लक्ष्य साझा किया। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कर्मचारियों की कमी, आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति, वेतन वृद्धि, भत्ते और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने सभी वितरण केंद्रों, सब स्टेशनों और कार्यालयों में सुविधाओं जैसे पीने के पानी, पंखे, फर्नीचर, फेंसिंग और मरम्मत कार्यों की आवश्यकताओं को उठाया। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोकेश साहू, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन अंजलि परते, संगठन सचिव दिनेश दुबे, क्षेत्रीय सचिव उमाशंकर दुबे, और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संगोष्ठी | मेनोपॉज सोसाइटी और क्लब 35+ ने वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी का किया आयोजन

# महिलाओं को मिला निवेश और आयकर फाइलिंग पर मार्गदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** वर्ल्ड हेल्थ डे 2026 के अवसर पर मेनोपॉज सोसाइटी एवं क्लब 35+ द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शारदा मिश्रा, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, और डॉ. सोनल साहनी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य मेनोपॉजल महिलाओं और वरिष्ठ सदस्यों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, निवेश के मूल सिद्धांत समझाना, जीएसटी के प्रभाव और आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग की जानकारी देना था। मुख्य वक्ता डॉ. सृष्टि हेमा अग्रवाल ने 'निवेश के मूलभूत सिद्धांत, जीएसटी इम्प्लीकेशन्स एवं आईटीआर फाइलिंग टिप्स' पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं श्रीमती पूनम सोनी ने 'महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और अपने धन का प्रबंधन' विषय पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. स्नेहा टी. मेथवानी (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में डॉ. राखी बाजपेयी, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. निशा साहू, डॉ. श्वेता सिरसीकर, डॉ. रोमा नाग, डॉ. लता परयानी, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. चित्रा जैन (अध्यक्ष), और डॉ. सोनल रिछारिया (सचिव) की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं और वरिष्ठ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और वित्तीय प्रबंधन को लेकर उत्सुकता और जागरूकता दिखाई।




## बौद्धिक वर्ग से लेकर अंतिम व्यक्ति तक जुड़ने का आह्वान

▶ राष्ट्रीय हिंदु स्वाभिमान मंच के कार्यक्रम में महंत प्रताप पुरी का उद्बोधन 14 को

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय हिंदु स्वाभिमान मंच, जिला जबलपुर द्वारा सनातन धर्म एवं राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से 14 अप्रैल को सायं 5 बजे 'मानस भवन' प्रेक्षागृह, राइट टाउन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान के पोखरण से विधायक एवं संत महंत प्रताप पुरी महाराज का ओजस्वी उद्बोधन मुख्य आकर्षण रहेगा। संस्था संरक्षक मयाराम जेसवानी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि मंच का उद्देश्य समाज के बौद्धिक वर्ग को जोड़ते हुए जनचेतना का विस्तार करना है। अभियान के तहत हर व्यक्ति को राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका समझाने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने और आपसी समरसता को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन बिना किसी पद-प्रधान व्यवस्था के सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से संचालित होगा, जो इसकी प्रमुख विशेषता है। कार्यक्रम में शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत के विचारों का लाभ लेने की अपील की गई है।